**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**23.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे**

**केंद्रीय दल**

हिमाचल प्रदेश में बार–बार बादल फटने की घटनाओं के कारणों का अध्ययन करने के लिए केंद्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का 5 सदस्यीय दल आज शिमला पहुंच रहा है। गृह मंत्रालय की ओर से गठित यह दल एक सप्ताह तक प्रदेश में बादल फटने की घटनाओं पर गहन अध्ययन करेगा। कर्नल के.पी.सिंह की अध्यक्षता वाले इस दल में सी.एस.आई.आर. रूड़की के मुख्य वैज्ञानिक डॉक्टर एस. के. नेगी, मंणिपुर विश्वविद्यालय के रिटार्यड जियोलॉजिस्ट अरूण कुमार, आई.आईटी.एम. रिर्सज सैंटर पुणे से विशेषज्ञ सुष्मिता और आई.आई.टी. इंदौरा से सिविल इंजीनियर नीलिमा शामिल है।

---

**विश्वविद्यालय स्थापना दिवस**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेश में बढ़ते नशे के प्रचलन पर चिंता व्यक्त की है। राज्यपाल ने कल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के 56वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देवभूमि हिमाचल में नशे पर चर्चा करना पड़े य़ह बेहद दुखद है.। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थानों में नशे जैसे विषय पर चिंतन की आवश्यकता है.।

---

**राष्ट्रीय प्रसारण दिवस**

आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है। 1927 में इसी दिन देश में पहला रेडियो प्रसारण इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के बॉम्बे स्टेशन से शुरू हुआ था। 8 जून, 1936 को भारतीय राज्य प्रसारण सेवा का नामकरण ऑल इंडिया रेडियो किया गया। यह दिन भारत के विकास, शैक्षिक प्रसार और सांस्कृतिक संरक्षण में प्रसारण की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। रेडियो प्रसारण ने भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 1956 में राष्ट्रीय प्रसारक के लिए आकाशवाणी नाम अपनाया गया। वहीं 1957 में लोकप्रिय फिल्म संगीत के साथ विविध भारती सेवा शुरू की गई थी।

---

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय देहरा पूरे हिमाचल प्रदेश के लिये बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। उन्होंने खेद जताया कि वर्ष 2009 में स्वीकृति के बाद अब 16 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी यह विश्वविद्यालय किराए के एक अस्थायी परिसर में चल रहा है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने इसके निर्माण के लिए 250 करोड़ रूपये के बजट को बढ़ा कर 500 करोड़ कर दिया मगर प्रदेश सरकार की उदासीनता और भूमि

आबंटन में देरी, फारेस्ट क्लीयरेंस में कमी व अन्य कारणों से अभी भी इसका भवन नहीं बन पाया है। सांसद ने कल दिल्ली में संबंधित अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा बैठक के बाद कहा कि सीयू देहरा परिसर को लेकर राज्य सरकार की उदासीनता छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

.....................................................

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश इलाकों में बीती रात से मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक रूक कर जारी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश में 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 3 सौ 75 से सड़कें भूस्खलन से अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 3 सौ 26 बिजली ट्रांसफार्मर और 3 सौ 14 पेयजल योजनाएं भी ठप्प पड़ी हैं। इस मानसून सीजन में अब तक राज्य में 135 लोगों की मौत हो चुकी है और 34 लोग लापता हैं। पौंग बांध मे आज सुबह जल स्तर एक हजार 338 फुट रिकार्ड किया गया है जिसके बाद भाखड़ा ब्यास मैनेजमैंट बोर्ड द्वारा बांध से पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया है। बोर्ड ने व्यास नदी के साथ लगते क्षेत्रों और मंडी वासियों से सर्तकता बरतने की अपील की है। इस बीच कुल्लू जिला के आनी उपमंडल में भारी वर्षा के चलते सभी स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थान आज बंद रहेंगे। मौसम विभाग ने आज से 25 जुलाई तक प्रदेश में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

.....................................................

## फसल बीमा

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत सिरमौर जिला के किसान मक्की और धान की फसलों का बीमा अब 31 जुलाई तक करवा सकते हैं। जिला कृषि उप निदेशक राजकुमार ने बताया कि इन फसलों का बीमा करवा कर किसान फसलों की बुआई से लेकर कटाई तक, प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा, बाढ़, आग, भूमि कटाव के जोखिम से फसलों को सुरक्षित कर सकते है। उन्होंने बताया कि मक्की और धान दोनो फसलों के लिए बीमित राशि 60 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर है जिसमें किसानों को बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा जबकि शेष प्रीमियम राशि का भुगतान केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

.....................................................

## और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से..........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–**स्पीति में फटा बादल, चंबा–मंडी में अस्थाई पुल बहे।** पंजाब केसरी की सुर्खी है–**किन्नौर और स्पीति के खुरिक गांव में बाढ़, लोग घर छोड़ भागे।** दैनिक भास्कर के शब्द हैं– **किन्नौर और स्पीति में बाढ़ में घरों में घुसा मलबा, 40 घंटे बाद खुला मनाली हाईवे।**

**शहरी निकायों के आरक्षण रोस्टर पर राज्य सरकार ने लगाई रोक** शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है– मंत्रिमंडल की बैठक में होगा चुनावी रोस्टर पर फैसला, तब तक स्थगन का आदेश।

दैनिक जागरण लिखता है– **नेरचौक मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, 5 प्रशिक्षु डॉक्टर निलंबित, 25–25 हजार जुर्माना।**

दिव्य हिमाचल की एक खबर है– **इस साल 14 मई के बाद हुई हर भर्ती जॉब ट्रेनी स्कीम में।**

---